

अध्यक्ष का नव वर्ष संदेश 2020

प्रिय साथियों,

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि नया वर्ष अनेक नवीनताओं का सूचक है, इस अवसर पर मैं आप सभी को **नव वर्ष की शुभकामनाएं** देता हूँ। इस वर्ष, हम एक नए दशक में प्रवेश कर रहे हैं, हमारे लिए यह समय अपने गौरवशाली देश की समृद्धि और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का है।

नया वर्ष एक ऐसा समय लेकर आता है जब हम अपनी पिछली उपलब्धियों पर चिंतन करते हैं और सुनहरे कल के लिए उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा तैयार करते हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) भारत के नागर विमानन के आधार स्तंभ की भूमिका का भली प्रकार से निर्वाह कर रहा है। हवाई अड्डों के प्रबंधन और वायु दिक्चालन सेवाओं के मुख्य आधार के रूप में भाविप्रा ने हवाई यात्रा करने वालों का दृष्टिकोण ही नहीं बल्कि भारतीय हवाई अड्डों के बारे में उनकी सोच को भी बदला है। बढ़ती हुई विकास दर तथा बाजार की मांगों को ध्यान में रखते हुए, भाविप्रा हवाई यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं में निरंतर वृद्धि कर रहा है।

भारत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के हवाई यात्रियों की संख्या में लगातार दहाई अंकों में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहा है और भाविप्रा ने इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक विशाल परिवार के रूप में, हमें एक जुट रहकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इस वर्ष अपने व्यवसाय का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करें।

शुभेच्छाओं और हर्ष के साथ, मैं आपके सभी प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ साथ ही, आपको और आपके प्रियजनों को एक सुखद एवं आनंददायक नव वर्ष 2020 की शुभकामनाएं देता हूँ।

अरविंद सिंह
अध्यक्ष

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA



Chairman's New Year Message 2020

Dear Colleagues,

As this new year heralds many new beginnings, I wish all of you a **Happy New Year.** This year, as we start a new decade, it is time for us to commit ourselves to the growth and development of our worthy country.

A New Year brings with it a time when we mull over our past achievements and strategize for the future course to set the tone for a brighter tomorrow.

The Airports Authority of India (AAI) has been suitably playing the role of the backbone of India's Civil Aviation. As the mainstay of airport management and air navigation services, AAI has not just transformed the way people travel but also how they perceive Indian airports. Given the rapid rate of development and demands of market forces, AAI is constantly enhancing its capacity to meet the needs of Indian flyers.

India has been continuously clocking impressive double digit growth in the number of both domestic and international air passengers and AAI plays a significant role in supporting this growth. We, as one big family, have to come together and ensure that we present the best version of our professional selves this year.

With hope and happiness, I acknowledge all your efforts and wish you and your dear ones a momentous and a fruitful 2020.

Arvind Singh
Chairman

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA